क्रमांक...21

# छत्तीसगढ़ विधान सभा

## पत्रक भाग–दो

सोमवार, दिनांक 10 मार्च, 2025 (फाल्गुन 19, 1946)

## राष्ट्रकुल दिवस पर माननीय अध्यक्ष द्वारा सदन में अनौपचारिक उल्लेख

जैसा कि आप सभी माननीय सदस्य अवगत होंगे कि समूचे विश्व में **राष्ट्रकुल दिवस** प्रतिवर्ष मार्च माह के दूसरे सोमवार को मनाया जाता है।

तदनुसार, आज सोमवार, दिनांक 10 मार्च, 2025 को ''राष्ट्रकुल दिवस'' पर राष्ट्रकुल देशों ने **"Together We Thrive"** अर्थात् **''साथ रहें एवं आगे बढ़ें''** को राष्ट्रकुल दिवस का विषय निर्धारित किया है।

राष्ट्रकुल देश, ब्रिटिश साम्राज्य का हिस्सा रहे 56 स्वतंत्र देशों का एक संघ है। विश्व की लगभग एक तिहाई आबादी, जिनमें धर्मों, जाति, संस्कृति, संप्रदाय एवं परंपराओं को मानने वाले नागरिकों का समूह राष्ट्रकुल में सम्मिलित है। इसका मुख्य उद्देश्य लोकतंत्र, साक्षरता, मानवाधिकार, बेहतर प्रशासन, मुक्त व्यापार और विश्व शांति को बढ़ावा देना है।

आईये, हम सब राष्ट्रकुल दिवस का विषय **''साथ रहें एवं आगे बढ़ें''** को मूलमंत्र मानते हुए, इस अवसर पर राष्ट्रकुल परिवार के 56 देशों के लक्ष्यों को प्राप्त करने के साथ जलवायु परिवर्तन, पर्यावरण प्रदूषण, असमानता, आतंकवाद जैसी गंभीर चुनौतियों का समाधान खोजने और सभी देशों के मध्य शांतिपूर्ण एवं खुशहाल वातावरण तैयार करने का संकल्प लें।

आप सभी सम्माननीय सदस्यों को पुनश्चः राष्ट्रकुल दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

**दिनेश शर्मा**
सचिव
छत्तीसगढ़ विधान सभा